**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1183**
**दिनांक 09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा**

**1183. कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश के सभी नागरिकों के लिए अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) देश में स्वास्थ्य बीमा कवरेज का बुन्देलखण्ड सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार इसके लिए कोई प्रयास कर रही है कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को आसानी से स्वास्थ्य बीमा मिल सके; और
(ड) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो.एस.पी.सिंह बघेल)**

(क) से (ङ): आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) सरकार द्वारा वित्त पोषित दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य आश्वासन योजना है, जो लगभग 55 करोड़ लाभार्थियों को मध्यम और विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या हेतु अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है। लाभार्थियों की यह संख्या, भारत की आबादी के सबसे निचले 40% भाग के अंतर्गत आने वाले 12 करोड़ परिवारों से है। एबी-पीएमजेएवाई को लागू करने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने अपनी लागत पर लाभार्थी आधार का और विस्तार किया है। स्कीम के अंतर्गत पात्र परिवारों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

भारत के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के सात जिले और मध्य प्रदेश के छह जिले शामिल हैं। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों का विवरण **अनुलग्नक-II** में है।

चूंकि पात्र परिवार के सभी सदस्य एबी-पीएमजेएवाई के तहत स्वास्थ्य परिचर्या कवर के हकदार हैं, ऐसे पात्र परिवारों के वरिष्ठ नागरिकों को भी इस योजना के तहत कवर किया जाता है।

अनुलग्नक-I

## <u>योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा</u>

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **पात्र परिवारों की संख्या** |
|---|---|
| अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 23,785 |
| आंध्र प्रदेश | 61,47,562 |
| अरुणाचल प्रदेश | 98,844 |
| असम | 30,03,069 |
| बिहार | 1,21,10,526 |
| चंडीगढ़ | 79,226 |
| छत्तीसगढ | 41,44,847 |
| दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव | 47,578 |
| गोवा | 41,098 |
| गुजरात | 49,85,484 |
| हरियाणा | 17,24,837 |
| हिमाचल प्रदेश | 5,32,396 |
| जम्मू और कश्मीर | 6,70,010 |
| झारखंड | 31,18,620 |
| कर्नाटक | 69,01,440 |
| केरल | 23,97,610 |
| लद्दाख | 12,120 |
| लक्षद्वीप | 1,628 |
| मध्य प्रदेश | 93,27,963 |
| महाराष्ट्र | 93,05,910 |
| मणिपुर | 3,07,908 |
| मेघालय | 3,85,708 |
| मिजोरम | 2,16,584 |
| नगालैंड | 2,59,468 |
| पुदुचेरी | 1,14,968 |
| पंजाब | 16,65,113 |
| राजस्थान | 66,37,371 |
| सिक्किम | 44,228 |
| तमिलनाडु | 86,48,748 |
| तेलंगाना | 29,02,621 |
| त्रिपुरा | 5,49,554 |
| उत्तर प्रदेश | 1,31,23,663 |
| उत्तराखंड | 5,97,682 |
| दिल्ली* | 6,54,041 |
| पश्चिम बंगाल* | 1,24,37,482 |
| ओडिशा* | 67,80,308 |
| कुल | 12,00,00,000 |

*संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली तथा राज्य प.बंगाल और ओडिशा पीएमजेएवाई का कार्यान्वयन नहीं कर रहे हैं।

अनुलग्नक-II

बुंदेलखंड क्षेत्र में योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों का ब्यौरा

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | जिले का नाम | पात्र परिवारों की संख्या | पात्र व्यक्तियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | बाँदा | 1,93,740 | 8,36,810 |
| उत्तर प्रदेश | चित्रकूट | 1,10,355 | 5,27,603 |
| उत्तर प्रदेश | हमीरपुर | 1,28,594 | 5,59,279 |
| उत्तर प्रदेश | जालौन | 1,40,831 | 6,41,999 |
| उत्तर प्रदेश | झांसी | 1,76,070 | 7,44,689 |
| उत्तर प्रदेश | ललितपुर | 1,33,551 | 4,71,777 |
| उत्तर प्रदेश | महोबा | 95,297 | 4,18,320 |
| मध्य प्रदेश | छतरपुर | 3,57,018 | 13,82,638 |
| मध्य प्रदेश | दमोह | 3,17,575 | 10,78,753 |
| मध्य प्रदेश | दतिया | 1,43,282 | 6,62,786 |
| मध्य प्रदेश | पन्ना | 2,18,436 | 8,43,271 |
| मध्य प्रदेश | सागर | 5,09,982 | 18,38,555 |
| मध्य प्रदेश | टीकमगढ़ | 2,36,930 | 10,22,660 |

*****